Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Issue regarding resettlement of weavers in Maharanipur in Jhansi Parliamentary Constituency.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । यह मामला 30 हजार परिवारों के संबंध में है । मैं बुन्देलखण्ड से आता हूं और झांसी क्षेत्र से सांसद हूं । झांसी से 70 किलोमीटर दूर महारानीपुर जगह है । यह बुनकरों के लिए बहुत प्रसिद्ध है । यहां पर 30 हजार बुनकरों के परिवार रहते हैं । कुछ सालों में इनका काम-धंधा बिल्कुल ही चौपट कर दिया गया है । जब यहां बसपा और सपा की सरकारें थीं, तो इन्होंने बिजली के दर इतने बढ़ाए कि हैण्डलूम सैक्टर बेकार हो गया । यहां पर 6 करोड़ से 8 करोड़ का धंधा हर महीने होता था और रानीपुर टैरीकॉट के नाम से यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध था । यहां से सब जगह एक्सपोर्ट होता था । महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने यहां एक पॉलिसी चेंज के लिए गवर्नमेंट से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं । गवर्नमेंट हमारे यहां एक क्लस्टर पॉलिसी लेकर आई है, जहां इन लोगों को जमीन देकर इनका रीसैटलमेंट किया जा रहा है । इस पॉलिसी में यह डिफैक्ट है कि इनसे तुरंत कुछ पैसे मांगे जा रहे हैं । महोदय, ये परिवार बिल्कुल नष्ट हो चुके हैं । मेरे दो आग्रह हैं । एक आग्रह यह है कि गवर्नमेंट इनसे धीरे-धीरे करके पैसे ले, जिससे ये लोग वहां पर सैटल हो जाएं । दूसरा आग्रह यह है कि ये लोग 8-8.50 रुपये बिजली का यूनिट नहीं दे सकते हैं । अगर गवर्नमेंट वहां पर सोलर उपकरण लगा देगी तो उनको बिजली 3 रुपये में उपलब्ध हो जाएगी और ये 30 हजार परिवार वहां पर सैटल हो जाएंगे ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अनुराग शर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।